# शांत क्षेत्र में अचानक तनाव क्यों? ठाकुर चौबीसी के पीछे क्या है सियासी 'खेल'




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** जिस जगह पर वर्षों से सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और आपसी विश्वास की मिसाल रही इन दिनों ठाकुर चौबीसी गहरे तनाव के दौर से गुजर रही है। एक के बाद एक सामने आई घटनाओं ने पूरे क्षेत्र को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर ऐसा क्या हुआ जो शांत माने जाने वाले इस क्षेत्र में अचानक जातीय तनाव की स्थिति बन गई।

बीते दिनों अक्खेपुर गांव में हुए रोहित हत्याकांड ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। यह मामला अभी लोगों के जेहन से उतरा भी नहीं था कि कपसाड़ गांव में महिला सुनीता की निर्मम हत्या और उसकी बेटी के अपहरण की घटना सामने आ गई। इस घटना ने न सिर्फ इंसानियत को शर्मसार किया, बल्कि पूरे समाज को असहज कर दिया। इसके बाद मंगलवार को सलावा गांव में दलित महिला के साथ हुई मारपीट की घटना ने हालात को और गंभीर बना दिया। सुनीता हत्याकांड के बाद विपक्ष के नेताओं ने रोहित हत्याकांड को भी तूल देते हुए पुलिस की कार्यवाही पर भी सवालिया निशान उठाएं है। पुलिस प्रशासन भी तनाव को कम करने के लिए पैनी नजर बनाएं हुए है, साथ ही पुलिस की तरफ से चौकसी बरती जा रही है।

### घटनाएं नहीं, माहौल बन रहा है चिंता का कारण

स्थानीय लोगों का कहना है कि ये घटनाएं सिर्फ आपराधिक मामले भर नहीं हैं, बल्कि इनके बाद जिस तरह की चर्चाएं, अफवाहें और बयानबाजी सामने आ रही है, वहीं असली चिंता का विषय है। गांव-गांव में अविश्वास का माहौल पनप रहा है, लोग एक-दूसरे को शक की नजर से देखने लगे हैं और सामाजिक ताना-बाना कमजोर होता नजर आ रहा है।

### क्या राजनीति आग में घी डाल रही है?

सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि क्या यह सब केवल संयोग है या फिर इसके पीछे कोई सियासी गणित काम कर रहा है। ठाकुर चौबीसी में रहने वाले बुजुर्गों और सामाजिक समझ रखने वाले लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में पहले कभी ऐसे हालात नहीं बने। न जाति के नाम पर तनाव रहा, न ही गांवों के बीच इतनी गहरी खाई। अब सवाल यह है कि क्या वोटों की राजनीति के लिए समाज को बांटने की कोशिश हो रही है? क्या सत्ता पक्ष और विपक्ष अपने-अपने राजनीतिक फायदे के लिए घटनाओं को हवा दे रहे हैं? क्या नेताओं को यह शोभा देता है कि वे राजनीतिक लाभ के लिए समाज के बीच दरार पैदा करें?

### प्रशासन की भूमिका और सामाजिक जिम्मेदारी

हालात की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने प्रभावित गांवों में पुलिस तैनाती बढ़ा दी है। संवे. दनशील इलाकों में निगरानी रखी जा रही है और शांति बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन जानकारों का मानना है कि केवल सख्ती से हालात नहीं सुधरेंगे। इसके साथ संवेदनशीलता, संवाद और भरोसे की बहाली भी उतनी ही जरूरी है। पुलिस और प्रशासन गांव के बुजुर्गों, समाज के जिम्मेदार लोगों और विभिन्न वर्गों के प्रति. निधियों से बातचीत कर हालात सामान्य करने की कोशिश कर रहे हैं। यह प्रयास सराहनीय है, लेकिन इसे और व्यापक स्तर पर ले जाने की जरूरत है।

### राजनीति से ऊपर समाज को सोचना होगा

ठाकुर चौबीसी का इतिहास गवाह रहा है कि यहां संकट के समय लोग एकजुट होकर खड़े हुए हैं। आज भी जरूरत इसी बात की है कि लोग अफवाहों से दूर रहें, उकसावे में न आएं और कानून पर भरोसा बनाए रखें। पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना और न्याय की मांग जरूरी है, लेकिन इसके साथ-साथ सामाजिक एकता को टूटने से बचाना उससे भी बड़ी जिम्मेदारी है।

### भविष्य की राह! इंसानियत या राजनीति

फिलहाल क्षेत्र में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है, लेकिन हालात पूरी तरह सामान्य होने में समय लगेगा। प्रशासन, समाज और जनप्रतिनिधियों मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि ठाकुर चौबीसी राजनीति की प्रयोगशाला न बने, बल्कि फिर से भाईचारे और सौहार्द की मिसाल बने। सवाल अब भी कायम है क्या यह तनाव स्वत: पैदा हुआ या किसी ने इसे पैदा किया? जवाब जो भी हो, नुकसान पूरे समाज का हो रहा है। अब वक्त है कि राजनीति से ऊपर उठकर इंसानियत और सामाजिक एकता को प्राथमिकता दी जाए।

## सोनू कश्यप हत्याकांड के विरोध में 16 को कमिश्नरी का घेराव करेगी भाकियू (आजाद)



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोनू कश्यप को जिंदा जलाने की घटना के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (आजाद) ने 16 जनवरी को मेरठ कमिश्नरी के घेराव का ऐलान किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नितिन बालियान ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों को फांसी, पीड़ित परिवार को मुआवजा और सुरक्षा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा।

# डीएम ने गणतंत्र दिवस को गरिमापूर्ण ढंग से मनाए जाने के लिए की बैठक

## अधिकारियों को दिए निर्देश, तैयारियों को समयबद्धता के साथ किया जाए सुनिश्चित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डा. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 को गरिमापूर्ण ढंग से मनाये जाने के संबंध में तैयारी बैठक आहूत की गयी। उन्होंने नगर निगम के अधिक. ारियो को निर्देशित किया गया कि प्रभात फेरी मार्ग, स्वतंत्रता संग्राम सैनानी मूर्ति, पार्क इत्यादि स्थानो पर साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, मरम्मत कार्य, महापुरूषों की मूर्तियो की धुलाई व साफ-सफाई, सजावट इत्यादि कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। नगर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया गया कि प्रभात फेरी वाले मार्गों का निरीक्षण करते हुये कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उपस्थित प्रबुद्धजन नागरिको ने आगामी 26 जनवरी 2026 को (गणतंत्र दिवस) को सौहार्दपूर्ण एवं सादगी के साथ मनाये जाने के लिये कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु अपने-अपने सुझाव दिये, प्राप्त सुझावो का संज्ञान लेते हुये संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।

उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस पर आयोजित किये जाने वाले समस्त कार्यक्रमो में छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवी संस्थाओ, नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, स्वतंत्रता सैनानी आश्रित सहित विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की जाये। सीडीओ को निर्देशित किया कि कार्यक्रम रोस्टर के अनुसार समस्त विभागीय अधिकारियो की डयूटी लगा दी जाये तथा उनको कार्यों की जिम्मेदारी से अवगत करा दिया जाये। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के समस्त कार्यक्रमों को सभी की भागीदारी सुनिश्चित करते हुये पूर्ण उत्साह एवं भव्यता के साथ मनाया जायेगा। अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस 2026 शासनादेशानुसार भव्य रूप से मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह को परम्परागत रूप से सादगी के साथ किन्तु आकर्षक ढंग से मनाये जाने तथा प्रदेश में लागू की गयी शासन की विभिन्न योजनाओं, राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, पंथ निरपेक्षता, सामाजिक समरसता तथा साम्प्रदायिक सौहार्द की भावनाओं का जनजागरण करने एवं स्वतन्त्रता संग्राम सैनानियों को सम्मानित करने के साथ-साथ लोगों की एकता प्रदर्शित करने पर बल दिया जायेगा। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, सीएमओ डा. अशोक कटारिया, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट दीक्षा जोशी, नगर मजिस्ट्रेट नवीन कुमार श्रीवास्तव, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, समस्त एसीएम सहित अन्य संबंधित अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति/विभिन्न कार्यक्रम आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ सपाइयों की हुंकार

■ जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को जिला मुख्यालय सपाइयों से भरा नजर आया और एक चौकाने वाली चीज भी सामने आयी। जो एक-दूसरे के विरोधी कहे जाते थे वह सब पार्टी के झंडे के नीचे लामबंद दिखाई दिए।

जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी के नेतृत्व में सपा के दिग्गजों ने जिला मुख्यालय पर सलावा प्रकरण और ज्वालागढ़ प्रकरण को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। अपने-अपने अंदाज में सारे नेताओं ने प्रशासन की विफलता को उजागर किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री शाहिद मंजूर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा प्रधान, सरधना से पार्टी के विधायक अतुल प्रधान सहित तमाम दिग्गज प्रदर्शन के दौरान मीडिया से मुखातिब हुए। सपाइयों की मांग थी कि अचानक दलितों और पिछड़ों पर सरधना विधानसभा क्षेत्र में कहर सा टूट पड़ा है। सलावा में दलित महिला की हत्या हो या ज्वालागढ़ में सोनू कश्यप की हत्या या विगत दिवस एक ओर दलित महिला पर सलावा में ही जानलेवा हमला हुआ है। इन सबको लेकर सपाइयों ने सरकार को घेरा तथा मांग की कि सोनू कश्यप के परिवार की समुचित मदद की जाए। प्रमुख मांगों में सोनू कश्यप की हत्या को सही तरीके से खोला जाए क्योंकि एक नाबालिग को मुजरिम दिखाकर इतिश्री कर ली गई है जबकि यह हत्या एक से अधिक लोगों ने की है। इसके अलावा उन्होंने मांग की है कि सोनू कश्यप के परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता दी जाए, परिवार के किसी एक सदस्य को नौकरी दी जाए और रहने के लिए एक परिवार को घर दिया जाए। सपाइयों ने प्रदेश भर में हो रहे दलितों के अत्याचार को पुरजोर ढंग से उठाया तथा सरकार से कानून व्यवस्था में सुधार लाने की मांग की। इस दौरान आदिल चौधरी, मृदुला यादव समेत बड़ी संख्या में सपाई मौजूद रहे।

# पुलिस की नाकाबंदी फिर भी सलावा में दलित महिला पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ठाकुर चौबीसी जो कभी अपनी आन-बान-शान के जानी जाती थी, एकाएक दंगा फसाद के लिए जानी जाने लगी है। पूरे सरधना थाना क्षेत्र में पुलिस की जबरदस्त नाकाबंदी, स्थानीय लोग भी अपने पहचान पत्र दिखाकर बाहर रोजी-रोटी कमाने के लिए निकल रहे हैं और वापस गांव में जा रहे हैं। ज्वालागढ़ प्रकरण शांत भी नहीं हुआ था कि कपसाड़ गांव में वह हो गया जो कभी नहीं होना चाहिए था। सलावा जहां मेजर ध्यानचंद विश्वविद्यालय बनाया जा रहा है, चौकी काफी समय से मौजूद है जिसे थाने में बदलने की प्रक्रिया चल रही है, ज्वालागढ़ और कपसाड़ को लेकर कप्तान विपिन ताडा सरधना क्षेत्र में मौजूद अचानक सलावा से एक और दलित महिला पर हमला करने की घटना सामने आयी। सोमालो की चौबीसी सरधना जिसका अपना गौरवशाली इतिहास रहा है वह क्षेत्र आज जातिवाद से इस कद्र त्रस्त हो गया है कि हो सकता है आने वाले कुछ दिनों में पलायन की घटनाएं बढ़ें। खुफिया सेवाओं को बहुत ज्यादा सतर्कता के साथ पूरे क्षेत्र में पैनी नजर रखने की जरूरत है और राजनेताओं को भी चाहिए कि वह राजनीति की रोटी न सेक कर भाईचारे को कायम रखने के लिए काम करें।

# श्री बांके बिहारी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव के अवसर पर हवन एवं भण्डारे का भव्य आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राधा गोविन्द गऊशाला ट्रस्ट, पांचली खुर्द स्थित श्री बाँके बिहारी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव के अवसर पर हवन एवं भण्डारे का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर दिव्य आनंद प्राप्त किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष कपिल कुमार शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण एवं राधारानी को प्रसाद का भोग अर्पित करते हुए बताया कि गऊशाला पिछले नौ वर्षों से बेसहारा एवं निराश्रित गौवंशों की सेवा और संरक्षण का कार्य कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि ट्रस्ट का आगामी उद्देश्य वृद्धजनों के लिए वृद्धाश्रम, समाज के लिए चैरिटेबल अस्पताल तथा गरीब बच्चों के लिए विद्यालय स्थापित करना है। अध्यक्ष कपिल शर्मा ने सभी दानदाताओं एवं सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए समाज के प्रत्येक व्यक्ति से तन-मन-धन से इस पुण्य कार्य में सहयोग करने की भावपूर्ण अपील की। उन्होंने कहा कि दान दाता के सहयोग से ही गऊशाला का यह सेवा कार्य निरंतर और सुचारू रूप से चल रहा है। इस अवसर पर प्रमुख अतिथियों में जितेन्द्र गुप्ता (शारदा फाउंडेशन), पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल, कैंट विधायक अमित अग्रवाल, पूर्व प्रत्याशी कमल दत्त शर्मा, ट्रस्ट पदाधिकारी अध्यक्ष कपिल शर्मा, उपाध्यक्ष नवनीत अग्रवाल, सचिव मुकुल कुमार अग्रवाल, उपसचिव विशाल सोंधी समेत राकेश अरोरा, विक्रम सोंधी, अर्पित शर्मा तथा अनेक गोभक्त एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सरधना पहुंचे मंत्री नरेंद्र कश्यप, शोक संतप्त परिवार को बंधाया ढांढस

## ठाकुर चौबीसी क्षेत्र के बाहर दादरी स्थित होटल में कराई गई मुलाकात, एक लाख की निजी सहायता सौंपी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना क्षेत्र में युवक सोनू कश्यप की हत्या के बाद बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री (दिव्यांगजन) एवं ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप मेरठ जनपद पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मृतक सोनू के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। प्रशासनिक व्यवस्था और क्षेत्र में बने हालातों को देखते हुए मंत्री की यह मुलाकात ठाकुर चौबीसी क्षेत्र के बाहर कराई गई। यह भेंट दादरी के पास स्थित एक होटल में संपन्न हुई, जहां परिजनों से बातचीत कर मंत्री ने उन्हें ढांढस बंधाया।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने मौके पर मौजूद पुलिस व प्रशासनिक अधिका. रियों को मामले में निष्पक्ष, पारदर्शी और गंभीर जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार कानून के आधार पर चल रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

### एक लाख रुपये की निजी सहायता, सरकारी मदद का भी भरोसा

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने मृतक सोनू के परिजनों को निजी तौर पर एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। इसके साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार की ओर से मिलने वाली समस्त वैधानिक सहायता, मुआवजा और सुविधाएं भी परिवार को दिलाई जाएंगी।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस नीति पर कार्य कर रही है, जिसमें अपराधियों के लिए सख्त कार्रवाई और पीड़ितों के लिए न्याय सर्वोपरि है।

### विपक्ष को दी राजनीति से दूरी बनाने की नसीहत

सोनू हत्याकांड और इससे पहले मेरठ में हुई महिला की हत्या को लेकर विपक्ष की सक्रियता पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल पीड़ित परिवारों के दर्द के बजाय राजनीतिक लाभ लेने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष का मकसद केवल माहौल बिगाड़ना है, जबकि सरकार पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। मंत्री ने दो टूक कहा कि कानून अपना काम करेगा और दोषियों को सख्त सजा दिलाई जाएगी।

# डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2025 में डीएवी मेरठ के खिलाड़ियों ने जूडो में जीते कांस्य पदक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हरिद्वार में 6 से 8 जनवरी 2026 तक आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2025 में डीएवी मेरठ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जूडो प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 व अंडर-19 वर्ग में विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ, जिसमें 23 राज्यों के 450 खिलाड़ियों ने भाग लिया। डीएवी मेरठ के खेल विभाग के प्रशिक्षक शिवम पटेल के मार्गदर्शन में अंडर-17 वर्ग (90 किग्रा) में अध्ययन चौधरी तथा अंडर-19 वर्ग (55 किग्रा) में यश त्यागी ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. अल्पना शर्मा (डीएवी स्कूल, यूपी जोन-ए) ने दोनों खिलाड़ियों की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं प्रधानाचार्या अपर्णा जैन ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# सर्वोच्च बलिदान देने वाले बलिदानियों को श्रद्धासुमन किए अर्पित



■ पाइन डिवीजन के पाइन वार मेमोरियल पर 10वां सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ कैंट स्थित पदन डिवीजन के पान बार मेमेरिकात पर 10वां सहस्त्र चात पूर्व सैनिक दिवस गरिमामय वातावरण में बनाया गया। इस अवसर या पश्चिम उत्तर प्रदेश सथ एरिया की ओर से आयोजित कार्यक्रम में देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले धीर बलिदानियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में पदन डिवीजन के जसत ऑफिसर कमांडिंग मेजर जसल प्रणय डंगवाल और पश्चिम उत्तर प्रदेश सब एरिया के जस्त ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल सुमित राणा ने पचन वार मेमोरियल पर पुष्पांजलि अर्पित करतिनियों को नमन किया। इस दौरान चर्तमान एवं पूर्व सैन्य अधिकारियों ने सलामी दी और राष्ट्र की रक्षा में वलिदान देने वाले वीरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में ब्रिगेडियर रणकेर सिंह, लेफ्टिनेट जनरल जेएस वर्मा, मेजर जनसन एसएस आलावा 13वीं गढ़वार राइफल के कमान अधिकारी कर्नल मनीष रावत सहित अन्न बरिष्ठ सैन्य अधिकारी, पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 13 गढ़वाल राइफल के पाप बैट ने भावपूर्ण धुनों के माध्यम से माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जनवरी हम सभी के लिए आचा गौरव और सम्मान का दिन है। यह दिन उन भारतीय सेना के पूर्व सैनिकों और संयुक्त राष्ट्र मिशनों में सेवा देने वाले सेनिकों को समर्पित है, जिनि मातृभूमि की रक्षा में अपने जीवन के अमूल्य वर्ष अर्पित किए। भले ही सक्रिय सेवा में, लेकिन राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान आज भी उतना ही महत्वपूर्ण है। पूर्व सैनिक समाज के लिए प्रेरणा, युवाओं के लिए आदर्श और राष्ट्र की सशक्त नीव हैं। वक्ताओं ने यह भी कहा कि हमारा कर्तव्य है कि हम सैनिकों के बलिदान को केवल शब्दों में नहीं, बल्कि असल में सम्मान दें। उनके कल्याण, सम्मान और गरिमा की रक्षा करें। बेटरन केवल एक शब्द नहीं, बल्कि त्याग, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है। एक सभ्य और कृतज राष्ट्र वही होता है जो अपने सैनिकों और उनके परिवारों का सम्मान करता है। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिका. रियों एवं उपस्थितजन ने एक स्वर में देश के समस्त सैनिकों और पूर्व सैनिकों को नमन करते हुए कशा कि उनका बलिदान अमूल्य है, योगदान अतुलनीय है और उनका सम्मान सदेव अमर रहेगा।

### इसलिए मनाया जाता है वेटरंस डे

भारतीय सेना की ओर से 14 जनवरी को बेटरंस के भारत के पहले भारतीय सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल केएम करिगणा के सेवानिवृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। वे 15 जनवरी 1949 को सेस अध्यक्ष बने थे और इसी दिन की भारतीय सेना हर वर्ष सेना दिवस के रूप में बनाती है। इस वर्ष सेना दिवस का भव्य आयोजन राजस्थान में किया जा प्रताप और राणा सांस जैसे बोरों की भूमि रही है।

# किसान मजदूर संगठन ने की बैठक



■ दिसंबर तक सभी वार्डों में कमेटी गठित करने पर की चर्चा महानगर कमेटी का किया विस्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को वार्ड नंबर 60 फूल बाग कॉलोनी में पंकज रस्तौगी के आवास पर किसान मजदूर संगठन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महानगर कमेटी के विस्तार को लेकर चर्चा हुई और लक्ष्य निर्धारित किया गया कि दिसंबर तक जनपद के सभी वार्डों में किसान मजदूर संगठन की समितियां का गठन किया जाएगा। महानगर अध्यक्ष विजय राघव ने बताया कि इस दौरान किसानों के साथ-साथ छोटे व्यापारीयों की समस्याओं पर भी चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि महानगर कमेटी का विस्तार करते हुए पंकज रस्तोगी को उपसचिव, मुकेश पुंडीर को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान अंशुल तोमर, अनिल तोमर, संजय तोमर, चंदन सिंह पटवाल, विनोद परमार, लाला, प्रवीण नागर, बिट्टू आदि मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूली बस में मारी भीषण टक्कर

## सरूरपुरकलां गांव के पास हुआ हादसा, स्कूली बस में सवार आधा दर्जन से अधिक बच्चे घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर एक स्कूली बस को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूली बस में सवार आधा दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए, जिनमें से एक बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल बच्चे को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रफेर किया गया है।

यह घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के सरूरपुर गांव के पास हुई। स्कूली बस बच्चों को बड़ौत कोतवाली क्षेत्र स्थित श्रीराम इंटर कॉलेज ले जा रहा था। बताया गया है कि स्कूली बस बच्चों को लेने के लिए हाईवे की मध्य लेन से साइड लेन पर आया था, तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूली बस अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। उन्होंने घायल बच्चों को वाहन से बाहर निकाला और तत्काल अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार, अधिकांश बच्चों को मामूली चोटें आई हैं, जबकि एक बच्चे की स्थिति गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। प्राथमिक जांच में हादसे की वजह कम विजिबिलिटी और तेज रफ्तार मानी जा रही है। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है और ट्रक को भी कब्जे में ले लिया गया है। हादसे के कारणों की गहनता से पड़ताल की जा रही है। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन जारी है और घायल बच्चों को अस्पताल में उपचार दिया जा रहा है। सरूरपुर गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने पुष्टि की कि आठ बच्चों को उपचार के लिए लाया गया था। इनमें से एक बच्चे की हालत गंभीर थी, जबकि अन्य बच्चों को प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।







# पुलिस मुठभेड़ के बाद 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त गौरव को गिरफ्तार किया है। आरोपी जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहा था। पुलिस ने उसके पास से एक अवैध तमंचा, कारतूस और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। घायल अवस्था में अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यह मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के संतोषपुर गांव का है। गत 25 दिसंबर को यहां एक मकान पर फायरिंग कर जानलेवा हमला किया गया था। पीड़ित अनिल की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। इस मामले में फरार चल रहे गौरव निवासी निवाली थाना क्षेत्र, बागपत पर पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। गौरव पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 16 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गौरव को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस और बिना नंबर प्लेट की एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है, जिसका उपयोग घटना में किया गया था। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से छानबीन कर रही है।



# बाजार में घूम रहे पागल कुत्ते ने दर्जनों लोगों को काटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर की मुख्य बाजार सब्जी मंडी मे एक कुत्ता पागलों की तरह घूमता रहता है जो दर्जनों लोगों को अब तक काट चुका है। कई बार सब्जी मंडी में रहने वाले व्यापारियों ने इन कुत्तो को पकड़वाने की मांग को लेकर नगर पालिका परिषद से की है। मगर आज तक भी नगर पालिका की तरफ से आश्वासन के अलावा कुछ भरोसा नहीं मिला। नहीं अब तक डॉग पकड़े गए।

उन्होंने नगर पालिका परिषद से इन कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है। सब्जी मंडी के व्यापारियों का कहना है कि अगर इन पागल कुत्तों को नहीं पकड़ा गया तो नगर पालिका परिषद में धरना दिया जाएगा। कासिम सलमानी हरबीरी टिंकू आसमा जुनैद फरीदी शिल्पा जॉनी नसीम सब्जी मंडी के व्यापारियों को पागल कुत्ते ने काटकर आदि दर्जनों लोगों को घायल कर दिया। इन सभी लोगों ने पागल कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है। सब्जी मंडी के व्यापारियों ने बताया कि सुबह सवेरे रोजाना जब अपनी सब्जी की दुकान खोलते हैं तो सब्जी मंडी में कुत्तों की लाइन लगी रहती है। रात के समय में कुत्तेसब्जी मंडी में सो जाते हैं। सुबह उठते ही जब व्यापारी अपनी सब्जी की दुकान खोलते हैं तो कुत्ते उन पर हमला कर देते है।



# गौशाला में धूमधाम के साथ मनाई मकर संक्रांति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के लुहारी गांव की गौशाला में मकर संक्रांति धूमधाम के साथ मनाई गई। गौशाला मे गौ माता के पैर छूकर गौ माता का आशीर्वाद ग्राम वासियों ने प्राप्त किया। लुहारी गांव में गौशाला लगभग 150 वर्ष पूर्व में बनवाई थी। गौमाताओं ग्राम वासियों ने गाजर से बना हलवा खिलाकर मकर संक्रांति का त्योहार परंपरा के अनुसार मनाया गांव में सभी लोगों को गाजर के हलवे का प्रसाद वितरण किया।

इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी भारतीय किसान यूनियन प्रधान के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव संजीव दांगी लुहारी ने बताया कि मकर संक्रांति पर ग्राम वासियों ने भारी संख्या में गौशाला में दान दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान कपिल चौधरी गौशाला के महाराज सिंह प्रमोद मास्टर वीरेंद्र सिंह संजीव आर्य अमित कुमार रविंद्र आर्य नरेंद्र पहलवान गुलाब राजीव चौधरीमनोज दांगी चौधरी बबलू चौधरी रोहित हरेंद्र चौधरी सतेंद्र सिंह मोनू चौधरी मोहित सनी मांगेराम रामपाल सिंह अर्जुन नीरज योगेश चौधरी भारत निर्मल सिंह महेंद्री देवी राखी नीलम सुषमा सरोज के अलावा भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के कार्यक्रम में भाग लिया।



## एक नजर

# झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने की बड़ी कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अवैध रूप से चल रहे झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। खेकड़ा थाना क्षेत्र के रटौल कस्बे में एक अवैध क्लीनिक को सील कर दिया गया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रटौल के मुख्य बाजार स्थित एक क्लीनिक पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान क्लीनिक से भारी मात्रा में दवाइयां, इंजेक्शन और अन्य मेडिकल सामग्री बरामद हुई। मौके पर कोई भी पंजीकृत डॉक्टर मौजूद नहीं था। क्लीनिक पर सुशील कुमार पुत्र हरि सिंह मरीजों से संबंधित कार्य करते पाए गए। खेकड़ा सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डा.ताहिर ने बताया कि टीम को लंबे समय से झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा इलाज किए जाने की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। पूछताछ में सुशील कुमार ने दावा किया कि यह क्लीनिक उनके किसी रिश्तेदार का है, जो मौके पर मौजूद नहीं था। डा.ताहिर ने स्पष्ट किया कि क्लीनिक को फिलहाल सील कर दिया गया है। सुशील कुमार को दो दिन का समय दिया गया है ताकि वे क्लीनिक के वैध स्वामी और कार्यरत पंजीकृत डॉक्टर के दस्तावेज प्रस्तुत कर सकें। यदि निर्धारित समय में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए, तो मौके पर मिले व्यक्ति के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इस कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम में ब्लॉक मैनेजर रूपेंद्र शर्मा और सीनियर फार्मासिस्ट धर्मेंद्र भी मौजूद रहे।

# मेडिसिटी हॉस्पिटल में नेपाल के मरीज की रीढ़ की हड्डी का हुआ ऑपरेशन सफल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के मेडिसिटी हॉस्पिटल में नेपाल निवासी कृष्ण पुत्र धनीराम अपनी पीठ के दर्द के कारण बहुत परेशान था, चल फिर नहीं पाता था। उसका यह दर्द प्रतिदिन बढ़ता जा रहा था। कई चिकित्सकों को दिखाया परंतु उसे कोई आराम नहीं आया। फिर उन्होंने बड़ौत मेडिसिटी हॉस्पिटल के हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डा. अखिलेश कुमार को दिखाया।

आवश्यक जांच एवं एक्स रे के बाद डॉक्टर अखिलेश ने बताया कि आपको रीढ़ की हड्डी में टीबी हो गया है एवं L2-L3 में खराबी है। इसके इलाज के लिए आपको ऑपरेशन कराना पड़ेगा। सभी जानकारी मिलने के बाद कृष्ण ने अपने ऑपरेशन की स्वीकृति दी। उनका ऑपरेशन बड़ोत मेडिसिटी हॉस्पिटल में हढी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डा.अखिलेश कुमार एवं न्यूरो सर्जन डा.योगेंद्र सिंह की संयुक्त टीम ने 10 जनवरी को किया। उनका लेमिनेकटमी ऑपरेशन किया गया एवं रीड की हड्डी में पेच एवं रोड डाली गई। ऑपरेशन लगभग 3 घंटे चला एवं सफल रहा। सर्जन डा.अखिलेश कुमार ने बताया कि मरीज अब स्वस्थ है एवं उसे 14 जनवरी से चलाना शुरु कर दिया। सफल ऑपरेशन के बाद चिकित्सक उत्साहित है एवं भविष्य में सभी रीड की हड्डी के ऑपरेशन करने में समर्थ हैं। बड़ौत मेडिसिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा.मनीष तोमर ने बताया कि न्यूरोसर्जन एवं स्पाइन सर्जन की पूरी टीम बड़ौत मेडिसिटी हॉस्पिटल में मौजूद है एवं क्षेत्र के लोगों को रीढ़ की हड्डी की परेशानियो के लिए मेरठ दिल्ली जाने की जरूरत नहीं है। कम दरों में इलाज संभव है एवं विभिन्न पैनल ECHS,ESI, आयुष्मान भारत, यूपी सरकार की पंडित दीनदयाल कैशलेस चिकित्सा योजना में नि:शुल्क इलाज किया जाता है।



# बुग्गी की चपेट में आने से मासूम बच्चे की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कासिमपुर खेड़ी गांव में एक मासूम बच्चे की बुग्गी की चपेट में आने से मौत हो गई। बच्चा गांव की गली में साइकिल चला रहा था, तभी गन्ने से लदी ट्रैक्टर-बुग्गी के पहिए के नीचे आ गया। परिजनों और ग्राम समाज ने इसे एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसा मानते हुए पुलिस कार्रवाई से इनकार कर दिया। दोपहर बाद बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

कासिमपुर खेड़ी गांव निवासी सात वर्षीय शौर्य पुत्र अंकुश दोपहर करीब 12 बजे साइकिल से घर के पास गली में घूम रहा था। इसी दौरान वह रमाला शुगर मिल की ओर जा रही गन्ने से लदी ट्रैक्टर-बुग्गी से बाहर निकले गन्नों से टकरा गया। संतुलन बिगड़ने के कारण शौर्य बुग्गी के पहिए के नीचे आ गया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीण जमा हो गए। गांव का ही ट्रैक्टर चालक शौर्य को तुरंत एक निजी चिकित्सक के पास ले गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। शौर्य बड़ौत के वनस्थली पब्लिक स्कूल में कक्षा एक का छात्र था। वह तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। उसके पिता दिल्ली में निजी नौकरी करते हैं। बेटे की मौत की सूचना मिलने पर मां अन्नु सदमे में आ गईं। रमाला इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि घटना के संबंध में पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई है।



# चन्द्रोदय मंदिर व केएम अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं से ही गांव के 285 मरीज हुए लाभान्वित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** केएम स्वास्थ्य की राजधानी केएम हॉस्पिटल के सौजन्य से वृंदावन चन्द्रोदय मंदिर के मुख्य व्यवस्थापक स्वामी अनंत वीर्य जी महाराज के सानिध्य में आज विधानसभा छाता के गांव सेही में स्थित अम्बेडकर भवन में विशाल स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में पहुंचे मरीजों को केएम अस्पताल के वरिष्ठ डाक्टरों सहित अन्य संस्थान के चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श के साथ फ्री जांच, दवाएं वितरित की गई। केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने बताया केएम मेडीकल कालेज एंड हॉस्पिटल तथा चन्द्रोदय मंदिर संस्थान संयुक्त रूप से पिछले कई महीनों से गांव-गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर गरीब तबके के लोगों को उनके घर व गांव में अच्छे स्वास्थ्य के लिए निःशुल्क परामर्श के साथ फ्री जांच फ्री दवाएं मुहैय्या करा रहे है। केएम और चन्द्रोदय मंदिर अब तक 32 गांवों में शिविर लगा चुका है, जिसमें 9,857 ग्रामीण स्वास्थ्य परीक्षण सहित निःशुल्क दवाओं से लाभान्वित हुए हैं। सेही गांव में लगे निःशुल्क कैम्प में 285 मरीज लाभान्वित हुए है। मेरा ब्रज स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीये, यहीं मेरी गिरिराज महाराज से प्रार्थना है। सेही गांव के अम्बेडकर भवन में आयोजित शिविर में केएम हॉस्टिल के चिकित्सक डा. विशेष मोहन सक्सैना, डा. गुड़िया, डा. अंकिता, डा. आयुष ने सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए नेत्र रोग, ब्लड प्रेशर, शुगर, अन्य बीमारियों की जांच निःशुल्क की और दवाएं भी फ्री दी तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया, ठंड से बचाव के सुझाव साझा किए। अस्पताल के मार्केटिंग मैनेजर आमीन खांन, मेडीकल कैम्प के समन्वयक दीपक कंसल, लोकेश सहित फार्मासिस्ट शिवम ने स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्थाएं अच्छे से संभाली। वहीं ग्रामीणों ने बताया गांव सेही में इस स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाना हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में की 455 रोगियों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** सिरसली गांव में बुधवार को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत जेपी हेल्थ केयर हापस्पिटल मेरठ के तत्वाधान में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें चिकित्सकों ने आसपास के गांवों से आए 455 रोगियों की जांच कर दवाइयां निशुल्क वितरित की।

पंडित कैप्टन रामनिवास शर्मा की स्मृति में हुए शिविर में यूरोलॉजिस्ट डा. एसपी कौशिक, फिजीशियन डा. प्रदीप शर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.आकांक्षा शर्मा व डा.अनुराग तोमर ने विभिन्न रोगों से पीड़ित 455 रोगियों की जांच कर दवाईयां नि:शुल्क वितरित की गई। इस दौरान रोगियों की बीपी, शुगर व ईसीजी जांच की गई। आयोजन में राजू तोमर सिरसली, सुरेंद्र सिंह, हरेंद्र तोमर, कृष्णपाल, धर्मपाल फौजी व ओमवीर सिंह आदि का सहयोग रहा।



# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया झोलाछाप चिकित्सक की दुकान को सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पोईस गांव में झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। इस दौरान एक झोलाछाप चिकित्सक की दुकान को सील कर दिया गया।

सीएचसी बिनौली के चिकित्सा अधीक्षक डा.अमित गुप्ता और सीएमओ कार्यालय बागपत से पटल सहायक अजीत सिंह पोईस गांव पहुंचे। छापेमारी की भनक लगते ही कई झोलाछाप चिकित्सक अपनी दुकानें बंद कर फरार हो गए। टीम ने मौके पर मोहम्मद जावेद निवासी धनौरा नामक एक झोलाछाप चिकित्सक को पकड़ा। उससे चिकित्सा संबंधी कागजात दिखाने को कहा गया, लेकिन वह कोई वैध डिग्री, पंजीकरण या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर पाया। इसके बाद टीम ने उसकी दुकान सील कर दी और उसे आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। अधीक्षक डा.अमित गुप्ता ने ग्रामीणों से अपील की कि बिना वैध योग्यता और पंजीकरण के इलाज कराना जानलेवा हो सकता है। उन्होंने लोगों से केवल पंजीकृत एवं योग्य चिकित्सकों से ही उपचार कराने का अनुरोध किया। डा.गुप्ता ने यह भी कहा कि यदि कहीं भी झोलाछाप चिकित्सक सक्रिय हों तो इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दें, ताकि उन पर कार्रवाई की जा सके।



# दुकानदार के साथ तीन युवकों ने की मारपीट, पीड़ित ने पुलिस से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बामनौली गांव में एक परचून दुकानदार के साथ तीन युवकों ने मारपीट की। यह घटना तब हुई जब दुकानदार ने उन्हें दुकान के गल्ले से पैसे निकालने से रोका। पीड़ित की शिकायत पर दोघट थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है।

बामनौली निवासी अरविंद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह देर शाम करीब नौ बजे अपनी परचून की दुकान पर मौजूद थे। इसी दौरान गांव का मोहित अपने दो अज्ञात साथियों के साथ दुकान पर पहुंचा और गल्ले में हाथ डालने लगा। जब अरविंद ने इसका विरोध किया, तो युवकों ने उसे दुकान से बाहर खींच लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। अरविंद के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को आता देख तीनों युवक अरविंद को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी दोघट सूर्यदीप सिंह ने जानकारी दी कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रशासन सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिले में अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में खनन विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आज मवीकलां गांव के समीप हाईवे पर व्यापक कार्रवाई की गई।

इस दौरान गाजियाबाद की ओर से आ रहे 06 ओवरलोड खनन वाहनों को पकड़ा गया, जो नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए। जांच में सामने आया कि ये वाहन गाजियाबाद के पट्टाधारक जसवीर सिंह, मैसर्स निर्मल सैंड इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित थे। खनन विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इन वाहनों पर नियमानुसार भारी जुर्माना आरोपित किया। साथ ही अवैध खनन कार्यों में प्रयुक्त जेसीबी मशीनों पर भी सख्ती दिखाते हुए जुर्माना वसूला गया। जिला खनन अधिकारी वीरेंद्र प्रताप सिंह स्वयं हाईवे पर भ्रमणशील रहकर अभियान का नेतृत्व करते हुए कार्रवाई में जुटे रहे जिससे विभागीय सख्ती और प्रशासनिक प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से नजर आई। खनन विभाग के अनुसार, वर्ष 2026 के शुरुआती मात्र दो सप्ताह में ही 03 जेसीबी से 09 लाख एवं 09 वाहनों से 4.13 लाख सहित लगभग 13.13 लाख रुपए की वसूली की जा चुकी है। यह न केवल अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में एक मजबूत कदम है बल्कि राजस्व वृद्धि, सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण को सुदृढ़ करने की दिशा में भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जनपद से होकर गुजरने वाले अवैध खनन वाहन न केवल सड़कों को क्षतिग्रस्त करते है बल्कि यातायात, सड़क सुरक्षा सहित अन्य पहलुओं को भी प्रभावित करते है। प्रशासन ने स्पष्ट कहा है कि जिले में अवैध खनन, ओवरलोडिंग और नियमों की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आगे भी ऐसे विशेष अभियान लगातार जारी रहेंगे ताकि कानून का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा सके और जनहित की रक्षा हो। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि अवैध खनन अथवा ओवरलोडिंग की सूचना मिलने पर तत्काल संबंधित विभाग को सूचित करें। वहीं सिंचाई विभाग द्वारा भी जनपद में विभिन्न प्रवेश स्थानों पर अवैध खनन वाहनों की आवाजाही पर रोकथाम हेतु हाइट गेज लगाए गए है।



**सूचना**

मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरी जन्म तिथि 18.07.1965 है जो कि सही है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरी जन्मतिथि 01.01.1972 है जोकि गलत है इसके अलावा मेरे आधर कार्ड में मेरा नाम शकुंतला है जोकि गलत है जबकि मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम शकुंतला देवी है जोकि सही है।

शकुंतला देवी पत्नि स्व.श्री सरवर निवासी ग्राम लोहड्डा तहसील बड़ौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरी पत्नि व पुत्रो का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपनी पत्नि आसिया व पुत्रो फरमान व उसकी पत्नि गुलफशा व अजरूदीन व उसकी पत्नि रेशमा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

मौ.अस्लुफ सफ्फी पुत्र मौसम सफ्फी निवासी अहमदपुरा अब्दुलापुर थाना भावनपुर जनपद मेरठ।

# आमखेड़ा गांव के तालाब में मिला शव

## परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा में बुधवार को तालाब में एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकलवाकर आवश्यक कार्रवाई की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान द्वारा थाना धामपुर पुलिस को सूचना दी गई कि गांव के तालाब में एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा हुआ है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया, जिसकी पहचान अरविंद (55 वर्ष) पुत्र स्व. चंद्रपाल, निवासी ग्राम आमखेड़ा के रूप में हुई। बताया गया कि अरविंद अविवाहित थे और मंगलवार शाम





करीब 6:30 बजे से लापता चल रहे थे। पुलिस द्वारा शव का मौके पर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शरीर पर किसी प्रकार की कोई स्पष्ट चोट के निशान नहीं पाए गए। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मृत्यु का कारण डूबना प्रतीत हो रहा है। हालांकि मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

घटना की जानकारी मिलने पर गांव में लोगों की भीड़ एकत्र हो गई, लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया। फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था बनी हुई है। कोतवाल मृदुल कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** महिला ने सुसराल पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए महिला थाना बिजनौर में प्रार्थना-पत्र दिया है।

मौहल्ला कस्बा खुराड़ा निवासी हिना परवीन पत्नी मुन्तसर मेहन्दी ने शिकायती पत्र में कहा कि उसका निकाह मुन्तसर मेहन्दी पुत्र सफदर हुसैन के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से संपन्न हुआ था। विवाह के समय उसके माता-पिता द्वारा अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया गया, लेकिन ससुराल पक्ष दहेज से संतुष्ट नहीं था। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसका जेठ फिरोज हैदर उस पर गलत नजर रखता था, जिसकी शिकायत उसने पूर्व में अपने ससुराल वालों से की थी। प्रार्थना-पत्र में बताया गया है कि 15 सितंबर 2025 को पीड़िता की माता का निधन हो गया था, जिसके बाद वह अपनी छोटी बच्ची के साथ मायके में रह रही थी। आरोप है कि 20 सितंबर 2025 को जब वह अपने कमरे में अकेली थी, तभी उसका जेठ फिरोज हैदर कमरे में घुस आया और गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की तथा उसके कपड़े फाड़ दिए। पीड़िता के शोर मचाने पर तनीज साईदा व साजिदा खातून मौके पर पहुंचीं, लेकिन उसे बचाने के बजाय उन्होंने आरोपी का साथ दिया। आरोप है कि तीनों ने मिलकर पीड़िता के साथ लात-घूंसों से मारपीट की। पीड़िता का कहना है कि उसने इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाना शेरकोट में प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद उसने महिला थाना बिजनौर में प्रार्थना-पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# मुकदमाती माल का नष्टीकरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना न्यायालय के आदेश के अनुपालन में बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में मुकदमाती माल का नियमानुसार नष्टीकरण किया गया। यह कार्रवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नगीना द्वारा 28 अगस्त, 2025 को पारित आदेश के क्रम में संपन्न हुई।

धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत 121 माल, धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत 59 माल तथा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 37 माल, जो न्यायालय द्वारा निर्णित किए जा चुके थे। विधिवत नष्टीकरण किया गया। न्यायालय द्वारा उक्त प्रक्रिया को पूर्ण कराने हेतु उपजिलाधिकारी धामपुर को नियुक्त किया गया था। उनके निर्देशानुसार नायब तहसीलदार कपिल कुमार की देखरेख में थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह, उपनिरीक्षक कमरूल हसन, हेड मोहर्रिर जगन्नाथ सिंह, शेरकोट लेखपाल छत्रपाल सिंह तथा क्षेत्र के सम्भ्रांत नागरिक सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में समस्त मुकदमाती माल को नियमानुसार नष्ट किया गया। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि पूरी कार्रवाई पारदर्शिता, सुरक्षा मानकों एवं विधिक प्रक्रिया के अनुरूप की गई। इस नष्टीकरण से थाना क्षेत्र में लंबित मुकदमों के निस्तारण की प्रक्रिया को गति मिली है तथा अवैध शस्त्रों व अवैध मदिरा से जुड़े मामलों पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में यह एक अहम कदम माना जा रहा है।

# धामपुर में लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** लोहड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने लोहड़ी पर्व से संबंधित पारंपरिक गीतों का सामूहिक उच्चारण करते हुए नृत्य की विभिन्न मुद्राओं के साथ पर्व का भरपूर आनंद लिया। उल्लेखनीय है की लोहड़ी का यह पर्व जिन परिवारों में बेटे की शादी की प्रथम वर्षगांठ हो तथा बच्चों के जन्म के 1 वर्ष बाद यह पर्व पड़ता हो उन परिवारों में विशेष रूप से लोहड़ी का पर्व उमंग और उत्साह के वातावरण में आयोजित किया जाता है।

दुर्गा विहार कॉलोनी में जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं पंजाबी समाज के जिला अध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा एवं पूर्व सभासद बीबी जगमीत कौर सलूजा के संरक्षण में उनके बेटे सरदार अमनदीप सिंह सलूजा एवं पुत्रवधू बीबी कुलमीत कौर सलूजा के दांपत्य जीवन में प्रवेश की पहली वर्षगांठ पर आयोजित लोहड़ी पर्व समारोह में बॉलीवुड में छा रहे बाल कलाकार रोहन सिंह ने पहुंचकर



कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं अभूत पूर्व बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ लोहड़ी पर्व की कई दशकों से चली आ रही परंपरा के अंतर्गत अग्नि प्रज्वलित कर किया गया। इस अग्नि में गुड, रेवड़ी, मूंगफली, तिल आदि का अर्पण करते हुए जहां परंपरा का निर्वाह किया गया। वही सच्चे पातशाह वाहेगुरु जी के चरणों से सभी परिवारों में शांति, खुशहाली एवं समृद्धि का वातावरण बनाए रखने की सामूहिक अरदास भी की गई। सरदार बलविंदर सिंह शैरी एवं अमित कौर गुड़गांव से पधारे। सरदार विमल प्रीत सिंह एवं रमित कौर तथा बॉलीवुड में निरंतर उपलब्धियां अर्जित करते जा रहे बाल कलाकार रोहान सिंह, सरदार देवेंद्र सिंह सलूजा एवं बीवी मनजीत कौर सलूजा, सरदार हरभजन सिंह सलूजा, मिनिस्टर एवं अमरजीत कौर सलूजा, सरदार गगनदीप सिंह सलूजा एवं बीवी अमनप्रीत कौर सलूजा, सरदार जसविंदर सिंह चावला, शानू सरदार, सतविंदर सिंह, सरदार तिरेंद्र पाल सिंह आदि अनेक शामिल रहे।

# दुबई से दस दिन बाद घर पहुंचा युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** ग्राम अकबराबाद निवासी युवक की विदेश में मौत हो गई। मृतक युवक का शव करीब दस दिन के बाद आज ग्राम पहुंचा। ग्राम में शव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया और अंतिम दर्शन के लिए भीड़ मौके पर जमा हो गई।

देर शाम युवक का शव कब्रिस्तान में दफन किया गया। मौहम्मद शाहरुख का शव दुबई में मौत के दस दिन बाद बिजनौर के अकबराबाद ग्राम पहुंचा। 25 वर्षीय शाहरुख सईद अहमद के पुत्र थे और कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के निवासी थे। शव पहुंचते ही परिवार में शोक



छा गया और अंतिम दर्शन के लिए सैकड़ों ग्रामीण एकत्र हो गए। शाहरुख करीब चार महीने पहले रोजगार के लिए दुबई गए थे। तीन जनवरी को अबू धाबी में उनकी अचानक मृत्यु हो गई थी। इस खबर से परिवार सदमे में आ गया था। शव को भारत लाने के लिए परिजनों ने हाजी शमीम, हाजी यूनुस कुरैशी, अब्दुल वाहिद और सुल्तान खान की मदद से नजीबाबाद के समाजसेवी वसीम कुरैशी से संपर्क किया। वसीम कुरैशी ने अपने भांजे मोबीन कुरैशी को इस मामले में कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मोबीन कुरैशी ने चार-पांच दिनों तक प्रयास कर सभी कागजी औपचारिकताएं पूरी कीं और अपने निजी खर्च पर शव को दुबई से भारत भिजवाया। मंगलवार की देर शाम को शव दिल्ली हवाई अड्डे पहुंचा। वहां से एक नि:शुल्क एम्बुलेंस के माध्यम से शव को बुधवार सुबह अकबराबाद लाया गया। परिजनों ने नम आंखों से शाहरुख को अंतिम विदाई दी। देर शाम उनका दफीना किया गया।

# महामृत्युंजय मंदिर में श्रद्धा से मनाया गया लोहड़ी पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

झालू। नगर के महामृत्युंजय मंदिर में लोहड़ी पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। डीजे की थाप पर महिलाओं व बच्चों ने जमकर नृत्य किया। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण हो गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया गया। पाठ के उपरांत विधिवत लोहड़ी अग्नि प्रज्वलित कर समाज की

### सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना

सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं को खीर, मूंगफली और रेवड़ियों का प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही भोजन की व्यवस्था भी रही, जिसका सभी ने आनंद लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब स्योहारा ने गरीबों को बांटे कंबल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** रोटरी क्लब स्योहारा संपूर्ण द्वारा समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए गुरुवार को गायत्री देवी शिक्षा संस्थान परिसर में विशाल कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से सर्द मौसम में ठिठुर रहे सैकड़ों निर्धन, जरूरतमंद एवं गरीब परिवारों को कंबल वितरित कर ठंड से राहत पहुंचाई गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रोटरी क्लब के सक्रिय सदस्य एवं आयोजन संयोजक सचिन समीर रस्तोगी की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। उनकी मेहनत समर्पण और व्यवस्थागत कुशलता के चलते कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और जरूरतमंदों की सहायता करना रोटरी क्लब की प्राथमिकता रही है।

क्लब अध्यक्ष शोभित जैन ने अपने संबोधन में कहा कि रोटरी क्लब स्योहारा वर्षों से सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य करता आ रहा है। ठंड के इस मौसम में किसी भी जरूरतमंद को परेशान न होना पड़े, इसी उद्देश्य से यह कंबल वितरण अभियान चलाया गया है जो आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

वहीं क्लब के सचिव समीर रस्तोगी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर के बीडीआर स्कूल सहित विभिन्न स्थानों पर हर वर्ष की भांति

### कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी

इस वर्ष भी गरीब एवं मेहनतकश लोगों को 120 कंबल वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब समाज के कमजोर वर्ग के साथ खड़ा है और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य करता रहेगा।

क्लब के कोषाध्यक्ष संजीव अरोड़ा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी रोटेरियनों, समाजसेवियों एवं दानदाताओं का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा, हैरि गुर्जर, संजय जैन, कांता प्रसाद पुष्पक, अरविंद्र सिंह काका, समा. जसेवी आलोक अग्रवाल, प्रदीप दुबे मैनेजर एक्सिस बैंक, चमन भारद्वाज, विजेंद्र पाल सिंह, मुकेश मिगलानी, राजू अरोड़ा, रमेश अरोड़ा, आलोक अग्रवाल, मानू शगुन, दुआ सहित अनेक रोटेरियन उपस्थित रहे। सभी ने बढ़-चढ़कर सहयोग करते हुए कंबल वितरण में भाग लिया। कार्यक्रम में कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था, जिसने रोटरी क्लब की इस मानवीय पहल को पूर्ण रूप से सफल और सार्थक बना दिया।

# शीत लहर से बचाव के दृष्टिगत एडवाइजरी जारी

## ट्रॉली, ट्रक व बैल गाड़ी में क्षमता से अधिक गन्ना न भरें : वान्या सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने बताया कि शासन द्वारा शीत लहर के बचाव के दृष्टिगत एडवाइजरी जारी की गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि गन्ना तथा भूसा ढ़ोने वाली गाड़ियों जैसे-ट्रॉली, ट्रक, बैल गाड़ी पर क्षमता से अधिक गन्ना न भरे तथा सर्दियों में गाड़ियों में फॉग लाइट का इस्तेमाल करें। भार ढ़ोने वाले वाहन के चालक इस बात का विशेष ध्यान रखें कि पीछे से आ रही एम्बुलेंस को रास्ता दें। दोपहिया वाहन चालक शीतलहर/ठंड में बहुत आवश्यक होने पर ही घर से वाहन लेकर बाहर निकलें, दोपहिया वाहन चालक शीतलहर/ठंड में बाहर निकलते समय गर्म कपड़े, दस्ताने, चश्मा, हेलमेट पहन कर निकलें।

उन्होंने बताया कि कोयले की अंगीठी/मिट्टी तेल का चूल्हा, हीटर इत्यादि का प्रयोग करते समय सावधानी बरतें तथा कमरें में शुद्ध हवा का वायु-संचार बनाए रखें। ठंड लगने के लक्षणों जैसे हाथ-पांव सुन हो जाना, हाथ पैरे की उंगलियों में सफेद या नीले रंग के दाग उभर आने पर नजदीकी अस्पताल से सम्पर्क करें। हाइपोथर्मिया (शरीर के असामान्य तापमान) के लक्षण जैसे याददास्त का कमजोर पड़ना, असी. मित ठिठुरना, सुस्ती, थकान, तुतलाना तथा कार्य में भटकाव इत्यादि के लक्षणों महसूस होने पर तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें। उन्होंने पशुओं के लिए जानकारी देते हुए बताया कि ठंड के मौसम में पशुओं को थनैला मिल्क फीवर नेमोटाइटिस आदि रोग होने का खतरा रहता है, इसलिए पशुओं को समय-समय पर चिकित्सक को दिखाते रहें। पशुओं को रात में खुले पेड़ के नीचे अथवा घर से बाहर न निकालें। पशुओं को ठंड के समय में गुड़ व कैल्शियम टॉनिक पिलाएं। पशुओं को ठंड के मौसम में जूट की बोरी अथवा घर में पड़ा पुराना कंबल उढाएं। प्रेगनेंट पशुओं को ठंड लगने की ज्यादा संभावना होती है। उनके पास अलाव जलाकर रखें। लेकिन यह भी ध्यान में रखें कि अलाव पशुओं से कुछ दूरी पर ही जलाए। जिससे पशुओं को कोई नुकसान न पहुंचे।

उन्होंने बताया कि शीत लहर और पाला फसलों को काला रतुआ, सफेद रतुआ, पछेती झुलसा आदि बीमारियों सहित बीमारियों के कारण नुकसान पहुंचाता है। शीत लहर अंकुरण, विकास, फूल, उपज और भंडारण जीवन में विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यवधानों का भी कारण बनती है। ठंड प्रतिरोधी पौधों/फसलों/किस्मों की खेती करें। सर्दियों के दौरान नर्सरी और युवा फलों के पौधों को प्लास्टिक से ढककर या छप्पर बनाकर विकिरण अवशोषण को बढ़ाएं और गर्म तापीय व्यवस्था प्रदान करें।

# महाराजा हरिश्चन्द्र का जन्मदिन मनाया

### गरीबों को कंबल वितरित किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** सत्यवादी महाराजा हरिश्चन्द्र वंशीय सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रस्तोगी ने कहा कि महाराजा हरिश्चन्द्र की सत्यवादिता एवं दानवीरता का कोई दूसरा उदाहरण विश्व पटल पर नहीं मिलता है। महाराजा के जीवन से जो प्रेरणा मिलती है, उसे जीवन मे आत्मसात करना चाहिए। महाराजा की हर संतान हर अनुयाई को अपना कार्य मेहनत, लगन व ईमानदारी के साथ पूर्ण तन्मयता से करना चाहिए।

स्थानीय रस्तोगी धर्मशाला मे बीती संध्या महाराजा हरिश्चन्द्र का जन्म दिवस व्यापक हर्ष एवं उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान आयोजित समारोह मे जनपद गोंडा से आये सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रस्तोगी ने कहा कि महाराजा



की हर संतान को राष्ट्र निर्माण मे सहभागिता के लिए अग्रिम पंक्ति मे आकर करना चाहिए ताकि महाराजा का जन्म दिवस मनाना सार्थक हो। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मात् शक्ति को समाज की निर्मता बताते हुए कहा कि वह भ्रूण हत्या रोकने मे सक्षम है और जागरूकता पैदा कर सकती है। समाज को उच्च संस्कारवान बनाने का दायित्व भी मात् शक्ति पर ही निर्भर है।

समारोह मे विशिष्ट अतिथि आईएएस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुणाल ने कहा कि महाराजा हरिश्चन्द्र की भांति हमें भी देने वाला ही बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान के क्षेत्र में कही भी मेरी आवश्यकता हो तो मैं सदैव तत्पर रहुंगा।

गुडगांव से आये इंजीनियर पंकज रस्तोगी ने आश्वास्त करते हुए कहा कि यदि किसी बच्चे को शिक्षा के क्षेत्र मे अवरोध आता है और धन या आगे बढ़ने मे सलाह की जरूरत है तो हमारा समाज हमेशा तैयार है।

समारोह मे राष्ट्रीय महामंत्री काव्य रस्तोगी मुरादाबाद, अशोक रस्वतोगी गोंडा, वयोवृद्ध सामाजिक कार्यकर्ता डा. धर्मेंद्र कुमार रस्तोगी, कृष्णमणि रस्तोगी, सत्यप्रकाश रस्तोगी, आशुतोष रस्तोगी, प्रवीण रस्तोगी, संजीव सुदर्शन, रितू रस्तोगी, पवन रस्तोगी ने भी अपने विचार व्यक्त कर महाराजा हरिश्चन्द्र के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। समारोह में डा. धर्मेंद्र कुमार रस्तोगी, कृष्णमणि तथा सत्यप्रकाश रस्तोगी को सम्मानित भी किया गया। प्रचंड ठंड के चलते गरीबों को कंबल वितरित भी किये गये। सुबह के समय अफजलगढ़ से आये हरिशंकर ने यज्ञ सम्पन्न कराया।

इस दौरान सुधीर चंद, संदीप रस्तोगी, विभाकर, अभिषेक, राजीव, पवन, प्रदीप रस्तोगी तथा महिला समिति की अध्यक्ष पुनीता रस्तोगी, मंत्री रचना, अलका, कुमकुम, कोपल, सौम्या, वंदना, रीतिका, भारती, कामाक्षी, कंचन, शैफाली, विभा, श्रुति का पूर्ण सहयोग रहा।

## एक नजर

### चीफ फार्मासिस्ट सत्येंद्र अमोली की पदोन्नति



**बिजनौर।** जिला चिकित्सालय के फार्मासिस्ट सदस्यों द्वारा सत्येंद्र कुमार अमोली, अमोली चीफ फार्मासिस्ट का शासन द्वारा प्रभारी अधिकारी फार्मेसी में प्रोन्नत होने पर खुशी जाहिर की और सत्येंद्र कुमार अमोली का डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के संरक्षक गजेंद्र कुमार शर्मा, अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह, डीपीए जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीआर त्यागी, वरिष्ट परामर्शदाता डॉ. राजीव रस्तौगी, पैथोलॉजिस्ट डॉ. संजय शंकर आदि ने पुष्पगुच्छ देकर एवं फूलमाला पहना कर स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डीपीए जिला संगठन मंत्री सुधीर कुमार, जिला उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश, चीफ फार्मासिस्ट राम सिंह, अशोक भंडारी, अविनाश त्यागी, वेद प्रकाश शर्मा, इंटर्न फार्मासिस्ट रितिक कुमार, मुस्तफा, अरशद, तमन्ना, मोनू कुमार, विकास सैनी, राजकुमार, गौरव कुमार, धीर सिंह, नाजिया आदि द्वारा फूलमाला पहनाकर गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया।

### पार्टी की नीतियों पर चर्चा



**शेरकोट।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के जिला संगठन मंत्री एवं धामपुर विधानसभा क्षेत्र से संभावित प्रत्याशी जावेद अली ने शेरकोट नगर में तूफानी दौरा कर पार्टी संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से विभिन्न मोहल्लों में जनसंपर्क व बैठक की। मौहल्ला मनिहारान स्थित सभासद आकिब सिद्दीकी के आवास पर कार्यकर्ताओं व स्थानीय नागरिकों के साथ बैठक की गई। इसके बाद मौहल्ला काजियान में सभासद सलीम अहमद उर्फ चंदन के आवास पर बैठक कर पार्टी की नीतियों व आगामी रणनीति पर चर्चा की गई। इसके पश्चात मौहल्ला कायस्थान में सभासद इरशाद एवं सभासद सुमामा ओवेश के आवास पर आयोजित बैठक में जावेद अली ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजाद समाज पार्टी शोषित, वंचित और आमजन की आवाज बनकर उनके अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष कर रही है। इस अवसर पर संजय कुमार, संजय सिंह, मनोज, सलमान, आफताब अहमद, रोहित, रणवीर सिंह, अंकित, परवेंद्र कुमार, आलमगीर, ताहिर, नसीम अहमद, इस्माइल, आरिफ, अब्दुल्लाह, आरिफ ख्वाजा, आलोक भारती, डॉ. देशराज, यूनुस अंसारी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, सभासद एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत



**किरतपुर।** अखिल भारतीय हरिश्चंद्र वंशीय सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रस्तोगी इन दिनों अपने सहयोगियों के साथ संगठन को मजबूत करने एवं समाज को धर्म और संस्कारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से भ्रमण पर हैं। इसी क्रम में जब वह अपनी टीम के साथ किरतपुर पहुंचे, तो रस्तोगी समाज के लोगों ने उनका शॉल ओढ़ाकर एवं फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रस्तोगी ने उपस्थित रस्तोगी समाज को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को अपने कीमती समय में से कुछ समय समाज और संगठन के लिए अवश्य निकालना चाहिए। समाज को जोड़ना, एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़ा रहना और समाजहित में कार्य करना हम सबका नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने समाज से अपने धर्म और परंपराओं के प्रति एकजुट रहने का आह्वान किया। सभा के शुभारंभ से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। कार्यक्रम में किरतपुर संगठन के अध्यक्ष आलोक रस्तोगी, पूर्व अध्यक्ष अनिल रस्तोगी, योगेंद्र रस्तोगी, वरिष्ठ समा. जसेवी विनोद जेमनी, वीरेश रस्तोगी, बृजेश रस्तोगी, अनूप रस्तोगी (आरएसएस), अतुल रस्तोगी, अनूप रस्तोगी, पुलकित रस्तोगी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

### शुगर मिल में स्वास्थ्य परीक्षण कैंप



**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल में एक दिवसीय आंखों का जांच, बीपी, शुगर, जनरल फिजिशियन, हड्डी रोगों से संबंधित बीमारियां, महिलाओं के स्वास्थ्य का परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। मिल उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता के निर्देशन में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की मेडिकल टीम ने श्रमिकों, कर्मचारियों और अधिकारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के मेडिकल टीम में डॉ. अफजाल, डॉ. राजीव, डॉ. अजय भारती, डॉ. साक्षी जालान और नर्सिंग टीम में बबलू सैनी, आलिया वार्ड बॉय रवि सैनी तथा मैनेजमेंट टीम की ओर से धैर्य चौहान शामिल थे। टीएमयू की टीम ने लगभग 135 लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया, जिसमें आंखों का जांच, बी पी, शुगर, जनरल फिजिशियन, हड्डी रोगों से संबंधित बीमारियां, महिलाओं के स्वास्थ्य का परीक्षण डॉ. साक्षी जालान के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक मेडिकल ऑफिसर कमल सिंह पंवार, फार्मासिस्ट विजय कुमार, कविता रानी आदि का सहयोग रहा। इस मौके पर श्रमिक प्रतिनिधि शिखर चंद, धर्मेंद्र सिंह, उत्तम सिंह, विनीत कुमार, बलराज सिंह, वीरेंद्र यादव, प्रदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

### सिद्ध पुरुष बाबा का अवतरण दिवस मनाया

**धामपुर।** सिद्ध पुरुष बाबा लाल गिरी महाराज का अवतरण दिवस अत्यंत हर्ष एवं धूमधाम से मनाया गया। मौहल्ला बडवान स्थित बाबा लाल गिरी प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में धर्मप्रेमियों ने भाग लिया। सर्वप्रथम बाबा की प्रतिमा को पंचामृत से स्नान कराया गया। तत्पचात मंत्रोच्चार से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। महिला भक्त मंडल द्वारा धार्मिक भजनों के माध्यम से बाबा का गुणगान किया। इंदु कांत शर्मा द्वारा बाबा के चमत्कार एवम वैभव गाथा के बारे में बताया। कार्यक्रम में बाबा को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम सयोजक इंदु कांत शर्मा, कौशल शर्मा, अवनी गौड, हरी कांत शर्मा, विभूति कांत शर्मा, पुनीत, संजय शर्मा, केशव कांत, अरविंद कुमार,आयुष शर्मा, शिवानी, इला त्रिवेदी, रीतू शर्मा, राधिका इत्यादि शामिल रहें।

# आम के हरे पेड़ काटने में सात पर मुकदमा

### वन विभाग ने करायी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बिना अनुमति के आम के हरे भरे पेड़ों को काटे जाने के मामले में वन विभाग की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के अब्दुल्ला इंटर कॉलेज के समीप से आम के पेड़ों को बिना अनुमति से काट लिया गया था। लकड़ी से भरे ट्रैक्टर टिपलर को वन विभाग ने पड़कर कोतवाली में खड़ा कर दिया था। वन विभाग की तहरीर पर पुलिस ने कनकेश, मनोज कुमार, लोकेश कुमार, संजय कुमार पुत्रगण वीरेश चंद मोहल्ला होली वाला महेश पुत्र डालचंद, बाहरी पुत्र छोटे ग्राम मुबा. रकपुर कला सुरेश पुत्र आनंदी निवासी झड़की अड्डा के खिलाफ वन अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। वन क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि वन विभाग द्वारा पुलिस को लकड़ी काटने वालों के खिलाफ तहरीर दी गई थी। उन्होंने बताया कि अब क्षेत्र में आम के हरे पेड़ों को किसी भी हाल में नहीं काटने दिया जायेगा।

# विवेकानन्द के विचारों से मिलेगा मार्गदर्शन

### युवा दिवस पर अधिवक्ता परिषद का स्वअध्याय मंडल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अधिवक्ता परिषद बृज अमरोहा इकाई के तत्वावधान में आज 14 जनवरी 2026 को जनपद के बार हाल में युवा दिवस के अवसर पर स्वअध्याय मंडल ख्र युवा दिवस विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं वंदे मातरम के गायन के साथ हुआ।

युवा अधिवक्ता पुलकित शर्मा ने युवा दिवस के महत्व एवं स्वामी विवेकानंद जी की प्रेरणादायी जीवनी पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ अधिवक्ता अमित कुमार जैन ने युवा अधिवक्ताओं के अधिकारों व कर्तव्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि कनिष्ठ अधिवक्ताओं को अपने वरिष्ठों का सम्मान करते हुए उनसे सीखना चाहिए, वहीं वरिष्ठ अधिवक्ताओं का भी दायित्व है कि वे पूरे मनोयोग से वकालत की बारीकियां सिखाएं। उन्होंने बार काउंसिल द्वारा निर्धारित ड्रेस कोड के पालन, अधिवक्ता बैंड के अनिवार्य उपयोग तथा पत्रावली का पूर्ण अध्ययन कर न्यायालय में उपस्थित होने पर विशेष जोर दिया। सहायक शासकीय अधिवक्ता राकेश मिश्रा ने अधिवक्ता परिषद द्वारा अधिवक्ता अधिनियम पर शीघ्र कार्यशाला आयोजित किए जाने का सुझाव दिया। जिला अध्यक्ष राहुल माहेश्वरी ने कहा कि अधिवक्ता बैंड अधिवक्ता की पहचान है और इसे धारण करने का अधिकार केवल अधिवक्ताओं को ही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा अधिवक्ता श्रवण सैनी ने की, जबकि संचालन पुलकित शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय मंत्री अधिवक्ता परिषद ब्रज सर्वेश शर्मा, इकाई महामंत्री राजपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। समापन के पश्चात उपस्थित अधिवक्ताओं के लिए सूक्ष्म जलपान की भी व्यवस्था की गई।

# नौकरी करने गया युवक लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** घर से हल्द्वानी जाने के लिए कह कर निकला युवक लापता हो गया। पुलिस को सूचना दे दी है। नगर के मोहल्ला लाल मस्जिद आखून चौक निवासी नाजमा परवीन पत्नी हारून सैफी ने कोतवाली में पत्र देकर कहा है कि उसका पुत्र अरमान आयु 24 वर्ष 5 जनवरी को घर से नौकरी करने के लिए हल्द्वानी जाने को कहकर निकला था। महिला का कहना है कि चार-पांच दिन तक पुत्र से बात होती रही। लेकिन अब उसका मोबाइल बंद जा रहा है।अनहोनी होने की आशंका जताते हुए पुलिस को पत्र देकर लापता बेटे की गुमशुदगी दर्ज करने की मांग की है।

# जनता के दिलों में आज भी जीवित हैं चन्द्रा

### सातवीं पुण्यतिथि पर उमड़ा सम्मान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा।** विधानसभा क्षेत्र 39 से प्रथम विधायक रहे स्वर्गीय माइकल चंद्रा की सातवीं पुण्यतिथि मंगलवार को भावुक माहौल में मनाई गई। ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा एवं उनके पुत्र कपिल चंद्रा के आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि माइकल चंद्रा केवल जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि आमजन के सुख-दुख में सहभागी थे। उनका सरल, सहज और समदर्शी स्वभाव उन्हें जनता के बेहद करीब रखता था। वे बिना किसी भेदभाव के हर व्यक्ति की बात सुनते और समाधान का प्रयास करते थे। ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा और कपिल चंद्रा ने कहा कि स्वर्गीय माइकल चंद्रा ने अपना पूरा जीवन ईमानदारी और जनसेवा को समर्पित किया। विधायक रहते हुए उन्होंने क्षेत्र के विकास के साथ सामाजिक सौहार्द को भी मजबूत किया। उनके आदर्श आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा हैं। श्रद्धांजलि सभा में कपिल चंद्रा, कबीर चंद्रा, डॉ. सुभाष चंद्रा, कविता चंद्रा, धर्मेंद्र प्रधान, सोनू गुर्जर, रईस मंस. ूरी, यशवीर खटाना, डॉ. शहाबुद्दीन, अमजद सैफी, कमल चौधरी, डॉ. लोकेंद्र, डॉ. अलीम. ुद्दीन, गुरवचन, अरुण सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सभी ने स्वर्गीय माइकल चंद्रा के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# महिलाओं को सशक्त बनाने का अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** विकासखंड धनौरा के ग्राम कैसरा स्थित ग्राम सचिवालय में सोमवार को एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य जीरो पॉवर्टी सर्वे से जुड़े सदस्यों एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने कहा कि इस अभियान का मुख्य लक्ष्य गरीब एवं वंचित परिवारों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर आजीविका के स्थायी साधन उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि समूह से जुड़ने पर गरीब महिलाओं को रोजगार, प्रशिक्षण एवं आर्थिक सहायता के साथ-साथ सामाजिक सम्मान भी प्राप्त होता है, जिससे उनका समग्र विकास संभव हो पाता है। खंड विकास अधिकारी नरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि जब तक अधिक से अधिक ग्रामीण महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से नहीं जुड़ेंगी, तब तक गांवों का वास्तविक विकास अधूरा रहेगा। समूह आधारित कार्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह, एडीओ समाज कल्याण राजीव, बीएमएम सविता देवी, कुसुम रानी, ग्राम पंचायत सचिव संदीप सिंह, ग्राम प्रधान रुद्र प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

# पूर्व सैनिकों व वीर नारियों को किया सम्मानित

### गरिमामय वातावरण में मना पूर्व सैनिक दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पूर्व सैनिक दिवस का आयोजन गरिमामय एवं सम्मानपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में जिला मजिस्ट्रेट ने पूर्व सैनिकों की राष्ट्र सेवा की सराहना करते हुए उनके त्याग, साहस और समर्पण को नमन किया। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि पूर्व सैनिक देश की अमूल्य धरोहर हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका सदैव प्रेरणादायी रही है। उन्होंने पूर्व सैनिकों से सिविल डिफेंस से जुड़कर समाज सेवा एवं आपदा प्रबंधन में सक्रिय योगदान देने का आह्वान भी किया।

इस अवसर पर जिले के पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सम्मानित किया गया, जिससे उपस्थित जनसमूह में गौरव और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में 70 फील्ड रेजीमेंट, मेरठ से पधारे लेफ्टिनेंट कर्नल निखिल प्रकाश भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने पूर्व सैनिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान का आश्वा. सन दिया। कार्यक्रम के दौरान 70 फील्ड रेजीमेंट, मेरठ की ओर से मोबाइल कैंटीन की व्यवस्था की गई, जिसका उपस्थित लोगों ने लाभ उठाया। वहीं पैनसिया हॉस्पिटल, अमरोहा द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शि. विर का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श एवं दवाएं प्रदान की गईं।

# चाइनीज़ मांझा पर सख्त प्रतिबंध उल्लंघन पर होगी कड़ी कानूनी कार्रवाई



**पीलीभीत।** वन विभाग ने चाइनीज़ मांझा (सिंथेटिक पतंग डोर) के निर्माण, बिक्री, भंडारण, परिवहन और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध को सख्ती से लागू कर दिया है। विभाग के अनुसार यह मांझा मानव जीवन, पक्षियों, वन्यजीवों और पर्यावरण के लिए अत्यंत खतरनाक है, जिसके कारण कई गंभीर हादसे सामने आ चुके हैं। नायलॉन और रासायनिक पदार्थों से बना चाइनीज़ मांझा सामान्य सूती डोर की तरह नष्ट नहीं होता। यह सड़क पर चलने वाले पैदल यात्रियों, दोपहिया वाहन चालकों और बच्चों के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। देश के विभिन्न हिस्सों में इससे गले और शरीर पर गहरी चोटें, करंट लगने और मौत तक की घटनाएं दर्ज की गई हैं। वन क्षेत्रों और हरित पट्टियों में यह मांझा चील, कबूतर, गिद्ध सहित कई पक्षियों के पंख काटने, अत्यधिक रक्तस्राव और मृत्यु का प्रमुख कारण बन रहा है। इसके अलावा बिजली की लाइनों में फँसने से आग लगने की घटनाओं का भी खतरा बना रहता है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि चाइनीज़ मांझा बेचते, रखते या उपयोग करते पाए जाने पर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत "शिकार" की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इस अधिनियम के अंतर्गत दोषियों की संपत्ति जब्ती (कन्फिस्केशन) का भी प्रावधान है। वन क्षेत्रों और आसपास के बाजारों में इसके लिए विशेष सघन अभियान चलाया जा रहा है। वन विभाग ने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं चाइनीज़ मांझा की बिक्री या उपयोग होता दिखाई दे, तो तुरंत सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और सटीक जानकारी देने पर इनाम भी दिया जाएगा। जनता से अनुरोध किया गया है कि केवल पर्यावरण–अनुकूल सूती मांझा का ही उपयोग करें, पतंगबाजी सुरक्षित और खुले स्थानों पर करें तथा उपयोग के बाद डोर को इकट्ठा कर उचित तरीके से नष्ट करें। अभिभावकों से विशेष अपील की गई है कि वे बच्चों को इस घातक मांझे से दूर रखें। वन विभाग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि त्योहारों को सुरक्षित, जिम्मेदार और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से मनाएं तथा मानव जीवन, पक्षियों और वन्यजीवों की सुरक्षा में सक्रिय सहयोग करें।

# हफीज रोड बना गंदे पानी का तालाब

### बछरायूं में बदहाली की तस्वीर, जनता बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** कस्बे का मुख्य मार्ग हफीज रोड पिछले एक साल से बदहाली का दंश झेल रहा है। नगर पालिका की अनदेखी के चलते इस महत्वपूर्ण मार्ग पर एक-एक फीट तक गंदा पानी और कीचड़ जमा है, जिससे आमजन का जीवन दूभर हो गया है। स्थानीय निवासियों के साथ-साथ स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हफीज रोड को कस्बे की जीवन. रेखा माना जाता है। इसी मार्ग पर भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक और एक निजी अस्पताल स्थित हैं। इसके अलावा कुछ ही दूरी पर थाना परिसर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक विद्यालय और इंटर कॉलेज भी मौजूद हैं। इन संस्थानों में आने-जाने वाले हजारों लोगों को प्रतिदिन गंदे पानी और कीचड़ से होकर गुजरना मजबूरी बन गया है। बैंक कर्मचारियों का कहना है कि जलभराव के कारण खाताधारक बैंक आने से कतराने लगे हैं, जिससे बैंकिंग कार्य प्रभावित हो रहा है। आए दिन ई-रिक्शा और बाइक सवार फिसलकर चोटिल हो रहे हैं, जिससे हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। भाजपा नगर अध्यक्ष रोहित आर्य ने हालात पर चिंता जताते हुए कहा कि जलभराव की स्थिति इतनी भयावह है कि अंतिम यात्रा के दौरान भी लोगों को भारी दिक्कत उठानी पड़ती है। वहीं स्थानीय निवासी सुरेश सैनी ने बताया कि नगर पालिका द्वारा हाल ही में नाला निर्माण कराया गया था, लेकिन इसके बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। हफीज रोड की बदहाली का सीधा असर स्थानीय व्यापार पर भी पड़ रहा है। होटल संचालक फईम और फरीद अहमद ने बताया कि सड़क पर फैले कीचड़ और गंदे पानी के कारण ग्राहक दुकानों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे उनका कारोबार लगभग ठप हो गया है। नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही को लेकर कस्बेवासियों में भारी आक्रोश है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जलनिकासी और सड़क सुधार का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# बैंक के जालसाज ने विधवा के 15 हजार उड़ाये

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** जालसाज ने विधवा के नोट गिनते गिनते गडडी से 15000 रुपये गायब कर दिये। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरो को खंगालना शुरू कर दिया बुधवार की दोपहर अतरासी मार्ग स्थित पंजाब नेशनल बैंक में रहरा थाना क्षेत्र के गांव जयतोली निवासी विधवा मुन्नी पत्नी स्व0 अला. उद्दीन 50 हजार निकालने के लिए आई थी। विधवा मुन्नी द्वारा बैंक में मौजूद एक युवक से विड्रॉल भरवाने के बाद पैसे निकाल लिए गये। मुन्नी ने उसी युवक से पैसे गिनवाने के लिए 50 हजार की गडडी उसके हाथ में दे दी। उसके बाद आरोपी युवक उसमें से 15000 निकाल कर फरार हो गया। मुन्नी ने जब सुनार की दुकान पर जाकर 15000 गायब देखे तो उसके पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई। उसके बाद मुन्नी रोती हुई शाखा प्रबंधक के ऑफिस में पहुंच गई। शाखा प्रबंधक ने जब पुलिस को सूचना दी तो वह भी बैंक में पहुंच गई। पुलिस ने शाखा प्रबंधक के कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरो को खंगालना शुरू कर दिया। विधवा ने जालसाज के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी है।

# भाई ने सगे भाई का सिर फोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव चक सतेड़ा में आपसी विवाद के चलते रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहाँ एक युवक को अपने सगे भाई को घर की दीवार उखाड़ने से रोकना बेहद भारी पड़ गया। विरोध करने पर आरोपी भाई ने आपा खो दिया और लोहे की रॉड से हमला कर अपने ही भाई का सिर फोड़ दिया। गांव चक सतेड़ा निवासी सुरेश पुत्र रघुवर और उसका सगा भाई प्रेमपाल एक ही परिसर में रहते हैं। घटना के समय प्रेमपाल घर की एक दीवार को उखाड़ रहा था। सुरेश ने इसका विरोध किया और दीवार न तोड़ने की सलाह दी। इसको लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि प्रेमपाल ने गाली-गलौज करते हुए पास ही पड़ी लोहे की एक रॉड उठा ली और सुरेश के सिर पर जोरदार प्रहार कर दिया। इसके बाद लहूलुहान हालत में पीड़ित तुरंत हसनपुर कोतवाली पहुँचा और पुलिस को आपबीती सुनाते हुए आरोपी भाई के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घायल सुरेश को तुरंत चिकित्सकीय परीक्षण के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया जा रहा है।

# गढ़वाखेड़ा में तेज रफ्तार ट्रक का कहर गोलगप्पे की दुकान के पास खड़े लोगों को कुचला

**पूरनपुर।** सेहरामऊ थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी गढ़वा खेड़ा में एक दर्दनाक सड़क हादसे से इलाके में हड़कंप मच गया। तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे गोलगप्पे की दुकान के पास खड़े लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में 6 से 7 लोगों के घायल होने की सूचना सामने आ रही है, जबकि सूत्रों का कहना है कि घायलों की संख्या और बढ़ सकती है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए।

घटना की खबर मिलते ही मौके पर हजारों की भीड़ जमा हो गई। स्थिति को संभालने के लिए सेहरामऊ उत्तरी पुलिस और गढ़वा खेड़ा चौकी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई और राहत–बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा जा रहा है। फिलहाल किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन प्रशासन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है और ट्रक चालक से पूछताछ की जा रही है।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी एवं छात्रों से बवघरता के संबंध में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** विगत् दिवस बनारस में अखिल भारतीय छात्र कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने जो अपने साथियों के साथ मनरेगा का नाम परिवर्तन करने पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे थे जिस पर मोदी योगी की पुलिस ने एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी एवं छात्रों से बवघरता पूर्ण मारपीट कर अमानवीय तरीके से गिरफ्तार किया जिसका विरोध करते हुए आज पूरे देश में प्रदर्शन के क्रम में जनपद पीलीभीत में एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा की अगुवाई में स्थानीय कलेक्ट्रेट में विरा. ध प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश के नाम संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को देकर राज्पाल महोदया से मांग की गई भाजपा प्रदेश सरकार को निर्देशित कर उक्त घटना में लिप्त दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दे जिससे लो. कतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन का अधिकार जो देश के नागरिकों को संविधान मे मिला है।

इसका राज कायम हो सके और लोकतंत्र की रक्षा हो सके प्रदेश में संविधान और कानून का उल्लंघन न हो सके। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, विधानसभा अध्यक्ष कमलेश राजपूत, हरीश मौर्य, मोहम्मद सदिक अल्वी उर्फ लल्ला, प्रदीप मौर्य, कुंवर सेन पासवान, मोहम्मद काम. रान, मोहम्मद मुशीर, विकास कुमार, जावेद मलिक, मेहरान मलिक, ओवैस रफी, निहाल रजा, रिजवान, तस्लीम, मोहम्मद अयान आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्रेसिडेंशियल अकादमी में जेएफ़ए जापनीत सिंह को मिला वन डे नेशनल प्रेसिडेंट का सम्मान



**पीलीभीत।** लखनऊ के रामाडा होटल में आयोजित तीन दिवसीय प्रेसिडेंशियल अकादमी कार्यक्रम के दौरान जेसीआई पीलीभीत मिडटाउन के अध्यक्ष जेएफएफ जापनीत सिंह को एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई। उन्हें इस प्रतिष्ठित अकादमी में वन डे नेशनल प्रेसिडेंट के रूप में नियुक्त किया गया। यह सम्मान उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, संगठन के प्रति समर्पण और जेसीआई मूल्यों के प्रभावी निर्वहन का प्रमाण है। देशभर से आए जेसीआई पदा. धिकारियों के बीच जेएफएफ जाप. नीत सिंह का चयन होना पीलीभीत के लिए गौरव का विषय है। तीन दिवसीय इस अकादमी में नेतृत्व विकास, रणनीतिक सोच, टीम मैनेजमेंट और सामाजिक प्रभाव जैसे विषयों पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। वन डे नेशनल प्रेसिडेंट के रूप में अपनी भूमिका निभाते हुए जेएफएफ जापनीत सिंह ने जिम्मेदारियों को प्रभावशाली ढंग से समझा और निभाया। इस उपलब्धि पर जेस. ीआई पीलीभीत मिडटाउन के सदस्यों सहित शहर के गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह सम्मान न केवल जेएफएफ जापनीत सिंह की व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि जेसीआई मिडटाउन के लिए भी एक ऐतिहा. सिक व प्रेरणादायक क्षण है।

# यातायात पुलिस ने चलाया चैकिंग अभियान

**पीलीभीत।** पुलिस उपमहानि. रीक्षक / पुलिस अधीक्षक पीलीभीत अभिषेक यादव के निर्देशन में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत यातायात पुलिस द्वारा डग्गामार वाहनों के विरुद्ध, अवैध रूप से संचालित व नियतन से अधिक सवारी बैठाकर चलने वाले तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध चेकिंग कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। जनपदीय पुलिस / यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के प्रमुख मार्गों, बस अड्डों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिक्रमण हटवाते हुए विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें विभिन्न चौराहो पर वाहन चालक एवं आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गयी।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं राशिदा पत्नी इमरान खान निवासी बाहरी बस्ती मुगल पुरा-बागपत उ.प्र.-250609, मेरी तीनों बेटियों के शैक्षिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम राशिदा (RASHIDA) गलत दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड में नाम रासिदा (RASIDA) है जो सही है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

